सभी जातियों के लिये | निर्देश को ध्यानपूर्वक पूरा अवश्य पढे | मूल्य-30-रू. | अन्तिम तिथि: 07 सितम्बर 2026

# निदेशालय चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाऐं, राजस्थान, जयपुर

# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

# जयपुर

# ANM महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण

योग्यता- बारहवीं पास | केवल महिला | सीटें 1650 | Offline | आवेदन शुल्क कुछ नहीं

महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। आवश्यक योग्यता शर्तों का विवरण इस प्रकार से है

**शैक्षणिक योग्यता-** बारहवीं (सीनियर सैकेण्डरी) पास।

**आयु सीमा :** 31 दिसम्बर 2026 को 17 से 34 वर्ष के मध्य। एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के आवेदकों को उपरी आयु में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

**आरक्षण :** ओबीसी के लिये 21 प्रतिशत, एससी के लिये 16 प्रतिशत, एसटी के लिये 12 प्रतिशत, अति पिछडा वर्ग के लिये 5 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये 10 प्रतिशत सीटे आरक्षित होंगी। आरक्षण का लाभ केवल राजस्थान राज्य के स्थाई निवासियों के लिये ही होगा। आरक्षण लाभ के लिये जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें। जाति प्रमाण पत्र 1 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिये। राजस्थान के मूल निवासी आवेदन के साथ अपना मूल निवास प्रमाण पत्र भी संलग्न करें। विधवा, तलाकशुदा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, निशक्तजन व विभागीय चतुर्थ श्रेणों महिला कर्मचारियों को नियमानुसार आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।

**पाठ्यक्रम अवधि** -पाठ्यक्रम की अवधि 2 वर्ष (6 माह इंटर्नशिप सहित) होगी। प्रशिक्षण आरम्भ होने का संभावित माह जनवरी 2027 है। स्टाईफण्ड : चयनित आवेदकों को नियमानुसार स्टाईफण्ड दिया जाएगा।

**आवेदन पत्र:** आवेदन पत्र अपने गांव शहर के फार्म विक्रेतां से प्राप्त करें या विभागीय वेबसाईट या rojgarexpress.co.in से डाउनलोड करें।

**आवेदन शुल्क :** सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम 20 रूपये (बीस) का पोस्टल आर्डर संलग्न करें। एससी व एसटी वर्ग के आवेदकों को शुल्क भुगतान में छूट होगी।

**प्रवेश क्षमता:** कुल 1650 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक जिले में सीटों का विवरण इस प्रकार से है-

60 सीटे (प्रवेश क्षमता) वाले जिले अजमेर, नागौर, भरतपुर, जयपुर-प्रथम, कोटा, उदयपुर, जोधपुर व केकड़ी।

45 सीटे (प्रवेश क्षमता) वाले जिले भीलवाडा, टॉक, बीकानेर, चुरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, धोलपुर, करोली, सवाई माधोपुर, अलवर, दौसा, सीकर, झुन्झुनु, बूंदी, बारां, झालावाड़, बांसवाड़ा, चितौडगढ़, राजसमन्द, डूंगरपुर, बाडमेर, जैसलमेर, सिरोही, जालौर, पाली, प्रतापगढ़।

**आवेदन भेजने का पता:** प्रवेश के लिये इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रपत्र में इस प्रकार भेजना होगा कि वह दिनांक 07.09.2026 तक या उससे पहले सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जो उस जिले के प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी हैं, के पते पर दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों सहित व्यक्तिगत रूप से अथवा साधारण डाक या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से पंहुच जाये।

**आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज:** आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां भेजी जाएं। मूल प्रमाण पत्रों को आवेदन के साथ नहीं भेजना चाहिये।

1) शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र (अंकतालिका/सर्टिफिकेट)
2) जन्म तिथि का प्रमाण पत्र (दसवों का प्रमाण पत्र)।
3) जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि, यदि आरक्षित वर्ग से सम्बन्धित हैं।
4) मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि।
5) 20 रूपये का भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि लागू हो तो)
6) विकलांगता प्रमाण पत्र, यदि आवेदक एक पैर से विकलांग है।
7) विधवा या तलाकशुदा होने पर सम्बन्धित प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि ।

**अन्य सामान्य शर्ते व निर्देश :**

1. आवेदन वाले लिफाफे पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 2026- 2027 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र तथा अपना जाति वर्ग अवश्य लिखें।
2. आवेदन में किसी प्रकार की कोई कटिंग या ओवर राईटिंग न करें।
3. काउंसलिंग के लिये सभी आवेदकों को अपने जोखिम तथा खर्चे पर आना होगा। काउंसलिंग की सूचना विभागीय वेबसाईट तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी। आवेदकों की स्वयं की जिम्मेवारी होगी कि वे काउंसलिंग सूचना के लिये समय-समय पर विभागीय वेबसाईट को चैक करते रहें।
4. चयनित आवेदकों को उनके चयन से सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र पर निर्धारित समय सीमा में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थिति देनी होगी अन्यथा उनका चयन निरस्त समझा जाएगा।
5. आवेदन के सभी कालम स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में साफ सुथरे भरें।
6. इस निर्देश को स्वयं के पास रखें, आवेदन के साथ संलग्न करके न भेजें। जानकारी के लिये www.rajswasthya .nic.in देखें। किसी भी त्रुटि के लिये प्रकाशक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होगा। यद्यपि निर्देश को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है तथापि विभाग द्वारा विज्ञापित सूचना को ही अधिकृत व सही समझा जाए। यह

Prashant Prakashan Bulandshahr 8279396027

सभी ऑफलाइन आवेदन पत्र इस वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं
https://rojgarexpress.co.in

ध्यान दें- यदि आपके जिले में या आपके लोकल समाचार पत्र में किसी भी भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित हुआ है तो उसे हमारे व्हाटसअप नम्बर 8279396027 पर भेजे। बेवजह के मैसेज या व्हाट्सअप काल करने पर आपको बिना सूचना के ब्लॉक कर दिया जाऐगा।

रोजगार सूचनाओं के लिए टेलीग्राम से जुडें- @rojgarexpressofficial

रोजगार एक्सप्रेस- 8279396027
www.rojgarexpress.co.in
रोजगार एक्सप्रेस- 8279396027
रोजगार सूचनाओं के लिए टेलीग्राम से जुडें- @rojgarexpressofficial
रोजगार सूचनाओं के लिए टेलीग्राम से जुडें- @rojgarexpressofficial
रोजगार एक्सप्रेस- 8279396027
www.rojgarexpress.co.in
रोजगार एक्सप्रेस- 8279396027